# स्मृति पत्र

(1) संस्था का नाम – मोमीन अन्सार सोसाइटी दिस्तौली

(2) संस्था का पता – ग्राम दिस्तौली, पो० चनुकी, तहसील भाटपाररानी, जिला देवरिया।

(3) संस्था का कार्यक्षेत्र – संपूर्ण उत्तर प्रदेश।

(4) संस्था का उद्देश्य – संस्था के निम्नलिखित उद्देश्य होगे :–

1) कुरआन व सुन्नत की तबलीग व इशाअत करना।

2) प्राइमरी दरजात से लेकर आला तालीम तक की इस्लामी तालीम व दीगर तालीम अरबी, उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम द्वारा मदरसा / मकतब प्राईमरी, जूनियर हाई स्कूल, हाई स्कूल, इण्टर कालेज, डिग्री कालेज, एवं विज्ञान एवं मैनेजमेन्ट, मेडिकल कालेज इन्जिनियरिंग कालेज, टेक्निकल, प्रोफेशनल कालेजो एवं लॉ कालेजो की शिक्षा की व्यवस्था करना एवं उसका संचालन करना।

3) इस संस्था के अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलकर अल्पसंख्यक और समाज के पिछड़े वर्ग के लोगो को रोजगार मुहैया करना एवं निस्वा कालेज/मदरसो एवं सी०बी०एस०सी० बोर्ड/आई०सी०एस०ई० पैट्रर्न पर अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयो की स्थापना करना व संचालन करना तथा टेक्निकल सेन्टर कायम करना व शिक्षा की सुविधा प्रदान कर बालक एवं बालिकाओ को सच्चरित्र नागरिक बनाना।

लड़कियो की उच्च शिक्षा के लिये गर्ल्स इण्टर कालेज की स्थापना करना तथा उन्हे हुनरमन्द बनाने के लिये टेक्निकल इदारे कायम करना तथा इस्लामिक शोध संस्थान कम्प्यूटर सेन्टर, सिलाई कढ़ाई सेन्टर, सिपाही अस्पताल कायम करना।

5) इलाकाई अवाम के मुताला व मफाद के लिये एक बड़ी लाइब्रेरी स्थापित करना जिसमें दारूल मुताला भी शामिल है, लाईब्रेरी मे उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी व दीगर समाजी व साइन्सी उलूम की किताबे रखना व तलबा व तालिबात की किताबे फराहम कराना एवं उसकी हिफाजत करना तथा उसके विकास हेतु कार्य करना।

6) बैतुल माल कायम करना और उसमे जकात, फितरा, इमदाद, चन्दा वगैरा वसूल कर संस्था के मद मे खर्च करना गरीब बेसहारा, बेवा यतीम लड़कियो कि शादी मे खर्च करना।

7) यतीमखाना स्थापित करना, जिसमे यतीम लड़के व लड़कियो को तालीम व तर्बियत के लिए वजीफे देना या किसी अन्य वसायल से उन बच्चो कि आलातालीम के लिए माली व एखलाकी इमदाद करना एवं उक्त तमाम चीजो मे व्यवस्था करना व कराना।

Scanned with OKEN Scanner

8) मुस्लिम अल्पसंख्यक बाहुल क्षेत्रो मे निरक्षर बालक व बालिका, पुरुष, महिला को साक्षर बनाने के लिए कार्यक्रमो का आयोजन करना एवम सरकार द्वारा सहायता प्राप्त कर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करना एवम लडकियो को खुद कफील बनाने के लिए गर्ल्स टेक्निकल कालेज की स्थापना करना।

9) मोमीन अन्सार सोसाइटी दिस्तौली द्वारा समाज मे फैली रूढिवादिता, अन्धविश्वास एवं अन्य कुरीतियो को मिटाने हेतु समाज को जागरूक बनाना जल्से सेमीनार, गोष्ठिया आयोजित करना।

10) मोमीन अन्सार सोसाइटी दिस्तौली द्वारा चेरिटेबुल हास्पीटल स्वास्थ केन्द्र महिला कल्याण केन्द्र पुस्कालय वाचनालय व्यामशाला तथा विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रो की स्थापना एवं उनका सचालन करना।

11) मोमीन अन्सार सोसाइटी दिस्तौली द्वारा समाज के दबे कुचले पिछडे वर्ग व विशेष कर मुस्लीम समाज की आर्थिक समाजिक उत्थान का प्रयास करना।

12) मोमीन अन्सार सोसाइटी दिस्तौली द्वारा पर्यावरण एवं एड्स एव कैन्सर, नसबन्दी जैसे विभिन्न समस्याओ के निवारण का प्रयास करना व इसके प्रति नागरिको मे जागृत पैदा करना।

13) देश व समाज के प्रति समर्पित भाव से सेवा करना एवं राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के प्रति समाज को जागरूक करना एवं आपातकालीन स्थिति मे देश व राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से सरकार का सहयोग करना।

14) मुस्लीम नवयुवक एवं नवयुवतियों को रचनात्मक दिशा देने के लिए लघु उद्योगों, प्राविधिक शिक्षा, प्रशिक्षण केन्द्रो की स्थापना करना तथा बालक एवं बालिकाओ के स्वरोजगार हेतु कम्प्यूटर शिक्षा से सम्बन्धित सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर का प्रशिक्षण देकर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करना।

15) मोमीन अन्सार सोसाइटी दिस्तौली द्वारा समाज मे व्यवसाय परक कम्प्यूटर शिक्षा को बढावा देने के लिए सभी प्रकार के शिक्षा सम्बन्धी एवं कम्प्यूटर शिक्षा सम्बन्धी सभी आवश्यक कॉलेजों की स्थापना करना व उसका संचालन करना।

16) मोमीन अन्सार सोसाइटी दिस्तौली द्वारा समाज के पिछडे वर्ग हेतु औद्योगिक जैसे टाइपिंग,कम्प्युटर, डाटा प्रोसेसिंग, स्क्रीन प्रिंटिंग, टर्नर, इलैक्ट्रीशियन, वायरमैन, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, रेडियो ट्रेनिंग, लघु तथा कुटिर उद्योग, मोटर बाईडिंग, टी० वी० प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना तथा प्रशिक्षण संस्थानो की स्थापना कराना।

17) कृषि विकास हेतु आधुनिक कृषि यत्रो, उर्वरक, बीज, सिचाई के साधन, तथा कृषि से सम्बन्धित अन्य जानकारी कृषको को निःशुल्क दिलाना। जिससे कृषि उपज को बढावा मिल सके एव उद्यान विभाग, मशरूम बोर्ड, कृषि विभाग उ० प्र०, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा संचालित कार्यक्रमो का

अब्दुल गनी

इकबाल अहमद

प्रचार प्रसार करना तथा जड़ी बूटियो एवं प्राकृतिक वनौषधियों को उगाना एवं उनकी उपयोगिता के बारे में लोगों को जानकारी देना तथा लोगों को निःशुल्क वितरण करना।

18) मोमीन अन्सार सोसाइटी दिस्तौली द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बालकल्याण कार्यक्रमों का संचालन करना तथा कैम्प एवं सेमीनार आयोजित कर स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं टीकाकरण से संबन्धित योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुचाने मे सहयोग करना।

19) मोमीन अन्सार सोसाइटी दिस्तौली द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमो को सफल बनाने के लिए आवश्यक कार्यो को करना तथा इस हेतु जगह जगह सेवा कैम्पो व चिकित्सालयों, चिकित्सा शिक्षा केन्द्रो, बीमारों के परिचायको के रहने हेतु आश्रम गृहो का निर्माण एवं संचालन कर बिना लाभ हानि के सेवा भाव से कार्य करना तथा जनसंख्या हेतु परिवार नियोजन के विभिन्न कार्यक्रमों एवं तरीकों के प्रति आम जन मे जागरूकता पैदा करना तथा कैन्सर एवं एड्स जैसे रोगो के बचाव हेतु जन चेतना जागृत करना व निदान हेतु सभी प्रकार के कार्य संचालित करना तथा दूर दराज के क्षेत्रो मे कैम्प लगाकर लोगों का इलाज करना एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओ को संचालित करने हेतु सभी प्रकार के कार्य करना।

20) मोमीन अन्सार सोसाइटी दिस्तौली अत द्वारा खेलों को बढावा, खेलो के प्रति गावो एवं शहरो मे अभिरूचि पैदा करने के लिए खिलाड़ीयों को प्रशिक्षित करना तथा संस्था के माध्यम से खेलो के मैदान, स्टेडियम आदि का निर्माण एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना व खिलाडियों को प्रोत्साहित व पुरस्कृत करना।

21) मोमीन अन्सार सोसाइटी दिस्तौली द्वारा समस्त विश्व को एक सूत्र मे पिरोने का कार्य करना तथा समाज को साक्षर बनाने के लिए सर्वशिक्षा, शिक्षागारन्टी योजना शिक्षा के कार्यक्रमो का प्रचार प्रसार करना।

22) अमुस्लीम समुदाय के शारीरिक तथा मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों एवं विकलांगो हेतु कल्याणकारी कार्यो का सम्पादन करना तथा इन लोगों के रहने के लिए निःशुल्क आश्रम बनवाना तथा विशेष कर मूकबधिर/ विकलांगों के लिए सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाना एवं विकलांग बालक बालिकाओं के लिए शिक्षा का प्रबंध करना तथा निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान करना।

23) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय, युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा उ0 प्र0 सरकार, भारत सरकार व राज्यो व सरकारी और विदेशी संगठनो द्वारा एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देना।

24) राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को बनाये रखने तथा उससे सम्बन्धित हर संभव प्रयास एवं कार्य करना।

सहायक रजिस्ट्रार

Scanned with OKEN Scanner